# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्धीकला, हाजीपुर)

रविन्द्र कुमार, बि0शि0से0
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

मोबाईल नं0-8544412079
हाजीपुर, वैशाली-844102

E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com,deo-vaishali@bihar.gov.in

पत्रांक-......1291......

सेवा में,

प्राचार्य/संचालक/अध्यक्ष/सचिव,
सभी प्रस्वीकृत प्राप्त निजी विद्यालय,
जिला- वैशाली।

हाजीपुर, दिनांक-23/06/26

विषयः- स्थलीय जांच प्रतिवेदन के अनुरूप 90 दिनों के अंदर आवश्यक सुधार एवं बदलाव सुनिश्चित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत शिक्षा की गुणवत्ता, छात्र हित एवं उनकी पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निजी विद्यालयों के पंजीकरण/नवीनीकरण के लिए स्थलीय जांच प्रतिवेदन प्रपत्र (कुल 16 अनिवार्य मानकों सहित) तैयार किया गया है। इस संबंध में जिले के सभी प्रस्वीकृत प्राप्त निजी विद्यालयों को स्पष्ट रूप से निदेशित किया जाता है कि वे इस पत्र के साथ संलग्न 'स्थलीय जांच प्रतिवेदन प्रपत्र' में अंकित सभी 16 अनिवार्य मानकों (यथा- आधारभूत संरचना, प्रशिक्षित शिक्षक, CCTV कैमरे, अग्निशमन यंत्र, अलग-अलग शौचालय, खेल का मैदान, पुस्तकालय/कंप्यूटर लैब, एवं अद्यतन आचरण प्रमाण पत्र आदि) के अनुरूप विद्यालय की व्यवस्था में अनिवार्य रूप से सुधार एवं बदलाव कर लें।

आपको उक्त सुधार हेतु पत्र निर्गत की तिथि से 90 दिनों का समय प्रदान किया जाता है। निर्धारित 90 दिनों की अवधि के उपरांत संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा संलग्न नए प्रपत्र पर विद्यालय का औचक स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा। यदि जाँच के क्रम में कोई विद्यालय इन निर्धारित मानकों को पूर्ण करने में विफल रहता है या अनुपालन नहीं करता है, तो इसे गंभीरता से लेते हुए आगे उक्त विद्यालय के संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा नियमानुसार विद्यालय की प्रस्वीकृति/पंजीकरण रद्द करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी।

विश्वासभाजन

अनुलग्नक-जाँच प्रतिवेदन प्रपत्र।

23.6.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

ज्ञापांकः-......1291...... हाजीपुर दिनांकः-23/06/26

प्रतिलिपिः- सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी,जिला-वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः- क्षेत्रीय उपनिदेशक,तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपिः- जिला पदाधिकारी, वैशाली की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

23.6.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।